भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
जनसंपर्क निदेशालय
प्रैस विज्ञप्ति

श्री पी.अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा स्काईरीव 360 का वैश्विक शुभांरभ।

नई दिल्ली, 21 फरवरी 2017 : देश की सीमाओ से आगे हवाई अड्डों, विमान-दिक्चालन सेवाओं, ग्राउंड सुविधाओं, तथा संरक्षा सेवाओं के संबंध में परामर्शी सेवाएं, निर्माण, प्रबंधन सेवाएं, निर्यात सेवाएं तथा विदेश में प्रचालन कार्य उपलब्ध कराने हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण राष्ट्र की सीमाओ एवं हितों से आगे वैश्विक विमानन बाजार को खोजने के लिए व्यापार की एक नई पहल कर रहा है। गैर-वैमानिक राजस्व में बढोतरी एवं इसमें वृद्धि तथा और अधिक बेहतर व्यापार अवसरोंको पैदा करने केउदेद्श्य हेतु भाविप्रा अनन्वेषित व्यापार क्षेत्रों को खोजने का कार्य कर रहा है।

अपने नवोन्मेषी व्यापार अवसरो में से एक में, भाविप्रा ने आईएटीए के सहयोग से डाटा को एकत्रित, इनवायसिंग तथा संग्रहण को शामिल कर "स्काईरीव 360" नाम के एक अद्वितीय व्यापक ई-बिलिंग साल्यूशन बनाया है। यह अनूठी प्रणाली अपनी तरह की एकलौती प्रणाली है तथा यह अनूठी प्रणाली एएनएसपी तथा विश्व भर के विमानपत्तन प्रचालको को राजस्व लीकेज दूर करने, अनावश्यक प्रक्रियाओं को कम करने ,विवादों में कमी लाने, सभी बाहरी प्रणालियों के साथ आसानी से एकीकरण तथा ऋण संग्रहण की अवधि में कमी कर इसे न्यून करने में सहायक होगी। यह प्रणाली विश्व के किसी भी रडार प्रणाली के अनुरूप है तथा आकाशीय सर्वर पर भी प्रतिष्ठापित किया जा सकता है।

श्री पी.अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा श्री आर.एन.चौबे, भाप्रसे, सचिव नागर विमानन, भारत सरकार, डॉ.गुरूप्रसाद महापात्र,भाप्रसे,अध्यक्ष,भाविप्रा,श्री एस.सुरेश,सदस्य वित्त, भाविप्रा, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा 19 देशों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति मेंस्काईरीव 360 का वैश्विक रूप से आरंभ किया गया । गोवा में 19 देशों से पधारे एएनएसपी के प्रतिनिधियों तथा विमानपत्तन प्रचालकों हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला भी आयोजित की गई। इस अवसर पर बोलते हुए, माननीय नागर विमानन मंत्री ने वैमानिक एवं हवाईअड्डा प्रभारों हेतु ई-बिलिंग के सबसे पहले आरंभ किए गए एंड टू एंड साल्युशन को आरंभ करने के प्रयासों हेतु भाविप्रा की सराहना की जो कि भाविप्रा के मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत बनाई गई है । सचिव, नागर विमानन ने भाविप्रा की उत्कृष्ट तकनीकियों जैसे कि गगन,एनओसीएएस तथा भारत सरकार की नई नागर विमानन नीति तथा क्षेत्रीय संपर्क योजना के बारे में बताया। डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भाप्रसे, अध्यक्ष, ने जोर देकर कहा कि भाविप्रा का उदेश्य अनन्वेषित व्यापार क्षेत्रों की खोज के द्वारा और अधिक बेहतर व्यापार अवसरों को पैदा करना है।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
म.प्र (जनसंपर्क)9811521881, 011-246322787
प्रैस विज्ञप्ति सं 70/ 2016-17

बाएं से दाएं, श्री एस.सुरेश, सदस्य (वित्त), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, भाप्रसे, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री पी.अशोक गजपति राजू , माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री आर.एन चौबे, भाप्रसे, सचिव, नागर विमानन, भारत सरकार, तथा श्री कानार्ड क्लिफओर्ड, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, एशिया पैसेफिक,आईएटीए गोवा में आयोजित स्काईरीव 360 कार्यशाला के अवसर पर मंच पर बैठै हुए।